# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 28.05.2025 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक – 1042 / JJM- / 138 दिनांक 9-6-2025

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत पैकेज–1 व पैकेज–2 की पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक 28.05.2025 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी (सदस्य)।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. जिला विकास अधिकारी (सदस्य)।
4. प्रतिनिधि, प्रभागीय वनाधिकरी, स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित (सदस्य)।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
6. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
7. प्रतिनिधि, जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
8. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
9. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
10. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
12. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
13. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
14. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
16. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद के 09 विकास खण्ड के अधीन 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड पैकेज–1 के अनुबन्ध सं0–15/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 09.10.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 08.04.2025 है। इसी प्रकार मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड पैकेज–2 के अनुबन्ध सं0–02/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 14.07.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 13.01.2025 है, जोकि समाप्त हो चुकी है। फर्मो द्वारा क्रमशः पैकेज–1 व 2 के कार्य सम्पादित कराये जा रहे है, जिनकी पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित किये जाने हेतु प्रस्तुत की गयी है तथा पैकेजों की वर्तमान प्रगति निम्नानुसार है :–

Scanned with OKEN Scanner

(1.) पैकेज–01 :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER & CONNECTING CHANNEL | 100% | 90% | 10% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 100% | 90% | 10% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 100% | 7% | 93% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 100% | 20% | 80% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 100% | 50% | 50% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 100% | 23% | 77% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 100% | 48% | 52% |
| 8 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 100% | 60% | 40% |
| 9 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 100% | 76% | 24% |
| 10 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING | 100% | 47% | 53% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **51%** | **49%** |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 में सम्मिलित की गयी ट्रेंचलेस क्रासिंग एवं डीवाटरिंग में हुयी वृद्धि के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर फर्म प्रतिनिधि श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुंनःरीक्षित डी0पी0आर0 में सिंचाई विभाग से सम्बन्धित कुल 12 ट्रेंचलेस क्रासिंग प्रस्तावित है। तदोपरान्त प्रारम्भिक डी0पी0आर0 में डिवाटरिंग के बारे में जानकारी मांगी गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि पूर्व के डी0पी0आर0 में रू0 2.06 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से रू0 1.89 करोड़ का भुगतान हो चुका है, जिस पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति ने डिवाटरिंग मद में नये डी0पी0आर0 में वृद्धि पर सहमति नहीं व्यक्त की गयी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई से ट्रेंचलेस क्रासिंग को ओपनकट क्रासिंग के तुलनात्मक विषय में जानकारी चाही गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया कि ट्रेंचलेस क्रासिंग की अपेक्षा ओपनकट क्रासिंग पर कम व्यय आता है पैकेज–1 में प्रस्तावित कुल 12 ट्रेंचलेस क्रासिंग में से 3 क्रासिंग ओपनकट पद्वति से करायी जा सकती है। जिस पर क्रासिंग एवं डीवाटरिंग सिस्टम में हो रही वृद्धि का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराते हुये डी0पी0आर0 की अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

(2.) पैकेज–02 :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 2 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 65% | 35% |
| 3 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 54% | 46% |
| 4 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 74% | 26% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |
| 6 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 7 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 64% | 36% |
| 8 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 11 | Clear Water Rising Main (291 Km./1332.73 Km.) | 100% | 21% | 79% |
| 12 | Over Head Tank (218 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 29% | 71% |
| 13 | Distribution Network (2920 Km./5424.70 Km.) | 100% | 52% | 48% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **54%** | **46%** |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 में सम्मिलित की गयी ट्रेंचलेस क्रासिंग के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर फर्म प्रतिनिधि, श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 में रेलवे विभाग से सम्बन्धित कुल 28 ट्रेंचलेस क्रासिंग प्रस्तावित है। तदोपरान्त पूर्व प्रस्तावित रेलवे क्रासिंग के बारे में जानकारी चाही गयी, जिस पर फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में 8 रेलवे क्रासिंग प्रस्तावित थी तथा वर्तमान में 28 नग रेलवे क्रासिंग प्रस्तावित की गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा रेलवे की 20 क्रासिंग वृद्धि के कारणों से अवगत कराने हेतु कहा गया परन्तु फर्म प्रतिनिधि द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा सकी जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा जल निगम से इसकी जानकारी चाही गयी तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ अवर जलाशयों की भूमि विवादित होने के कारण भूमि चिन्हांकन में विलम्ब हुआ तदोपरान्त री–क्लस्टरिंग किये जाने के फलस्वरूप रेलवे क्रासिंग में वृद्धि प्रदर्शित हुयी है। निर्देशित किया गया कि रेलवे क्रासिंग का विस्तृत विवरण रिक्लस्टरिंग का साइट प्लान अनुमोदित है अथवा नहीं प्रस्तुत करते हुये पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 की अग्रिम कार्यवाही करायें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(रमेश रंजन)
जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
7. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
8. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner